राज्य की विद्युत व्यवस्था और पॉवर ट्रांसमिशन नेटवर्क की मजबूती हेतु एशियन विकास बैंक ने 200 मिलियन डॉलर की ऋण को स्वीकृति दी

चर्चा में क्यों?

14 दिसंबर, 2023 को नई दिल्ली में एशियन विकास बैंक ने उत्तराखंड में विद्युत व्यवस्था और पॉवर ट्रांसमिशन नेटवर्क की मजबूती हेतु 200 मिलियन डॉलर (करीब 1660 करोड़ रुपए) के ऋण को स्वीकृति देते हुए सरकार के साथ ऋण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।

प्रमुख बिंदु

- नई दिल्ली में वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी और भारत में एडीबी के डिप्टी रेजिडेंट मिशन निदेशक होयुन जियोंग ने ऋण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये।
- आर्थिक विभाग की संयुक्त सचिव जूही मुखर्जी ने कहा कि उत्तराखंड की बिजली प्रणाली के बुनियादी ढाँचे को मजबूती व बिजली प्रणाली के नेटवर्क क्षमताओं के विकास, लोड केंद्रों के नवीकरण, ऊर्जा के निर्बाध एकीकरण में इससे सुविधा होगी। राज्य के निवासियों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध होगी।
- एडीबी के डिप्टी रेजिडेंट निदेशक होयुन जियोंग ने कहा कि इस योजना के तहत 537 किमी. भूमिगत केबल प्रणाली, बिजली नेटवर्क के आधुनिकीकरण, सब स्टेशन के क्षमता विकास व विद्युत वितरण प्रक्रिया को भी अधिक प्रभावी बनाया जाएगा।
- समझौता ज्ञापन के तहत पॉवर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन ऑफ उत्तराखंड लिमिटेड (पिटकुल) करीब 850 करोड़ रुपए से पॉवर ट्रांसमिशन के नेटवर्क को मजबूत बनाएगा। वहीं उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) करीब 750 करोड़ रुपए से देहरादून शहर की बिजली लाइन को भूमिगत करेगा।
- यूपीसीएल 11 केवी के अलावा कुछ जगहों पर 33 केवी, मुख्य मार्गों व उससे जुड़े सहायक मार्गों की 537 किमी. बिजली लाइन भूमिगत करेगा। वहीं, पिटकुल नए सब स्टेशन बनाने के साथ ही विद्युत लाइन भी बनाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asian-development-bank-approved-a-loan-of-s-200-million-to-strengthen-the-state-s-electricity-system-s-power-transmission-network